# राँची फार्म में एवियिन फ्लू का प्रकोप

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में, **राँची में बिरसा कृषि विश्विवद्यालय (BAU)** के एक **पोल्ट्री फार्म** में [एवियिन फ्लू](#) **का मामला** पाए जाने के बाद **अधिकारियों ने कुल 325 पक्षियों को मार डाला।** उन्होंने **पूरे प्रभावति क्षेत्र को भी सैनटिाइज किया।**

## मुख्य बिंदु

- **रोकथाम के उपाय:**
    - अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह एक **स्थानीय घटना है, जो गिनी फाउल्स को** प्रभावित कर रही है, जिन्हें फार्म में अनुसंधान के उद्देश्य से रखा गया था।
    - अधिकारी प्रकोप के **एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्रों का मानचित्रण करेंगे और उन्हें अधिसूचित करेंगे।**
    - 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित स्थान निगरानी में रहेंगे।
- **H5N1 का पता लगाना:**
    - **पशु चकित्सा महाविद्यालय** स्थित फार्म में पिछले 20 दिनों में लगभग 150 गिनी मुर्गियाँ मर गईं।
    - ICAR **-[राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (NIHSAD)](#),** भोपाल ने नमूनों में H5N1 एवियिन इन्फ्लूएंजा ए वायरस की उपस्थिति की पुष्टि की।
- **केंद्र सरकार के निर्देश:**
    - [केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय](#) **ने** राज्य को रोकथाम उपायों को लागू करने के निर्देश दिये, जिनमें शामिल हैं:
        - संक्रमित और निगरानी क्षेत्रों की घोषणा
        - प्रभावित परिसर तक पहुँच प्रतिबंधित करना
        - आगे प्रसार को रोकने के लिये पक्षियों को मारना
- **राज्य सरकार का जवाब:**
    - राज्य पशुपालन विभाग ने एक सलाह और **मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) जारी की:**
        - प्रभावित क्षेत्र में **पक्षियों की बिक्री और खरीद पर प्रतिबंध लगाना।**
        - **एक नियंत्रण कक्ष** स्थापित किया जा रहा है, जो शीघ्र ही चालू हो जाएगा।

## एवियिन इन्फ्लूएंजा

- एवियिन इन्फ्लूएंजा, जिसे अक्सर **बर्ड फ्लू** के रूप में जाना जाता है, एक अत्यधिक संक्रामक वायरल संक्रमण है, जो मुख्य रूप से **पक्षियों और घरेलू मुर्गियों को प्रभावित करता है।**
- वर्ष 1996 में, दक्षिणी चीन में घरेलू जलपक्षियों में अत्यधिक **रोगजनक एवियिन इन्फ्लूएंजा H5N1 वायरस की पहली बार पहचान की गई थी। इस वायरस का नाम A/goose/Guangdong/1/1996 रखा गया है।**

## मनुष्यों में संक्रमण और संबंधित लक्षण:

- **H5N1 एवियिन इन्फ्लूएंजा** के मानव मामले कभी-कभी होते हैं। संक्रमण को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलाना मुश्किल है। [विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)](#) के अनुसार, जब लोग संक्रमित होते हैं, तो **मृत्यु दर लगभग 60% होती है।**
    - इसमें **बुखार, खाँसी और मांसपेशियों में दर्द** जैसे **हल्के फ्लू जैसे लक्षणों से लेकर निमोनिया** जैसी गंभीर श्वसन समस्याएँ, **साँस लेने में कठिनाई और यहाँ तक कि** मानसिक स्थिति में बदलाव और दौरे जैसी संज्ञानात्मक समस्याएँ भी हो सकती हैं।

### भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)

- इसकी **स्थापना 16 जुलाई 1929 को** [सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के](#) तहत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में की गई थी।
- यह भारत सरकार के [कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय](#) **के** कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के अंतर्गत एक **स्वायत्त संगठन है।**

- इसका **मुख्यालय नई दिल्ली में है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/avian-flu-outbreak-in-ranchi-farm